## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

HB/PS (43)TET/Provisional Ans. Key/ Nov.-2025/1856-60 दिनांकः 02-12-2025

### "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दस विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षाएं निम्नलिखित तिथियों को प्रदेश भर में स्थापित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई थी। जिनका क्रमवार विवरण निम्न प्रकार से हैः

| क्रम सं० | अध्यापक पात्रता परीक्षा का नाम | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पंजाबी तथा उर्दू | 02-11-2025 |
| 2 | टी०जी०टी० आर्टस तथा मेडिकल | 05-11-2025 |
| 3 | डी०एल०एड०/जे०बी०टी० तथा टी०जी०टी० संस्कृत | 08-11-2025 |
| 4 | टी०जी०टी० नॉन मैडिकल तथा टी०जी०टी० हिन्दी | 09-11-2025 |
| 5 | Special Educator (Pre Primary to 5th Class) & Special Educator (Class VI to Class XII) | 16-11-2025 |

उपरोक्त सभी अध्यापक पात्रता परीक्षाओं से सम्बधित अस्थाई उत्तर कुंजियां (Provisional Answer keys) Series A,B,C&D बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर अपलोड कर दी गई है। इन परीक्षाओं से सम्बन्धित उत्तर कुंजियों में दर्ज उत्तरों के सम्बन्ध में यदि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्तियॉं प्रमाणित तथ्यों सहित दिनांक **08-12-2025** तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को e-mail id: hpbosesopapersetting.43@gmail.com पर ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियाँ दस्ती तौर पर भी कार्य दिवस में बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। दिनांक **08-12-2025** के उपरान्त उत्तर कुंजी से सम्बन्धित किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से आपत्तियों को दर्ज करवाने वाले/भेजने वाले अभ्यर्थी दिनांक **08-12-2025** सायं पांच बजे तक अपनी आपत्तियां बोर्ड कार्यालय में पहुँचना सुनिश्चित करें। प्रमाणीकृत तथ्यों से रहित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये अभ्यर्थी दूरभाष न० **01892-242134** पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

**डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा**
**सचिव**

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. निजी सहायक, अध्यक्ष/सचिव हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. अनुभाग अधिकारी आई०टी० सैल को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि अधिसूचना एवं उत्तर कुंजी को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
3. कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आई०टी०), लोक सम्पर्क कार्यालय, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि वह इस अधिसूचना को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित करें।
4. अनुभाग अधिकारी, विभागीय परीक्षा शाखा को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा**
**सचिव**